भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *6**

जिसका उत्तर सोमवार, 01 दिसंबर, 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया गया

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत नामांकित लाभार्थी**

*6. श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमएमजेजेबीवाई) आरंभ होने के उपरांत अब तक देश में इसके अंतर्गत वर्ष-वार कुल कितने लाभार्थी नामांकित किए गए हैं;

(ख) गुजरात में उक्त योजना के अंतर्गत वर्ष-वार और जिला-वार कितने लाभार्थी नामांकित किए गए हैं;

(ग) देश भर में प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष-वार और राज्य-वार कुल कितने दावे प्राप्त हुए हैं और निपटाए गए हैं और इन दावों के अंतर्गत विशेषकर गुजरात में कुल कितनी राशि संवितरित की गई है;

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत दावों के निपटान का अनुपात और दावों को निपटाने में लगने वाले औसत समय का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा विशेषकर गुजरात राज्य में नामांकन बढ़ाने, लंबित दावों को कम करने और लाभार्थियों को समय पर लाभ का संवितरण सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है?

**उत्तर**

वित्त मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारामन)

**(क) से (ङ):** एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**"प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत नामांकित लाभार्थी" के संबंध में श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर द्वारा पूछे गए 1 दिसंबर 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *6 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**(क):** देश में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) की स्थापना के बाद से इसके तहत नामांकित लाभार्थियों की वर्ष-वार कुल संख्या, अनुबंध-I में दी गई है।

(**ख**): गुजरात राज्य में उक्त योजना के अंतर्गत नामांकित लाभार्थियों की वर्ष-वार और जिला-वार संख्या अनुबंध-II में दी गई है।

**(ग)**: गुजरात सहित देश भर में पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत प्राप्त और निपटाए गए दावों की कुल संख्या के साथ-साथ इन दावों के तहत संवितरित वर्ष और राज्य-वार कुल राशि अनुबंध III में दी गई है।

(घ): उक्त योजना के अंतर्गत दिनांक 29.10.2025 की स्थिति के अनुसार दावा निपटान अनुपात 99.94 प्रतिशत है। बीमा क्षेत्र के नियामक, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के अनुसार, पीएमजेजेबीवाई दावे के निपटान के लिए लिया गया औसत समय विभिन्न बीमा कंपनियों के बीच अलग-अलग होता है और यह 0.61 दिन से 17 दिन तक होता है।

(ङ) **नामांकन बढ़ाने, लंबित दावों को कम करने और पीएमजेजेबीवाई में लाभार्थियों को लाभों का समय पर संवितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निम्नलिखित उपाय किए जा रहे हैं।**

i. पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई के अंतर्गत कवरेज बढ़ाने के लिए, बैंकों और स्थानीय प्रशासन की सक्रिय भागीदारी के साथ बुनियादी स्तर पर नियमित अभियान चलाए गए।
ii. हाल ही में, 01.07.2025 से 31.10.2025 तक देश भर में 2.70 लाख ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में 4 महीने का "वित्तीय समावेशन परिपूर्णता अभियान" शुरू किया गया था। पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई में परिपूर्णता प्राप्त करने के लिए, बैंकों द्वारा ग्राम पंचायत और यूएलबी के स्तर पर शिविर आयोजित किए गए, जिससे निवासियों को योजना में नामांकन के लिए सूचना और सहायता तक प्रत्यक्ष पहुंच प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और भागीदारी में सुधार करना, मौके पर नामांकन सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अंतर को कम करने में मदद करना था। 4 महीने की अभियान अवधि के दौरान, गुजरात राज्य की 14,619 ग्राम पंचायतों में 14,610 शिविर आयोजित किए गए।
iii. राज्य स्तरीय बैंकर समितियां (एसएलबीसी)/संघ राज्य क्षेत्र स्तर की बैंकर समितियां (यूटीएलबीसी) राज्य स्तर पर पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत कवरेज बढ़ाने के लिए बैंकों, सरकारी एजेंसियों, अग्रणी जिला प्रबंधकों, वित्तीय संस्थानों, बीमा कंपनियों और अन्य हितधारकों के बीच प्रयासों का समन्वय करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
iv. वर्ष 2017 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) परियोजना वित्तीय साक्षरता के लिए समुदाय के नेतृत्व वाले अभिनव और सहभागी दृष्टिकोण को अपनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। 31 मार्च, 2025 की स्थिति के अनुसार, देश भर में कुल 2,421

सीएफएल स्थापित किए गए हैं, जिनमें से एक सीएफएल औसतन तीन ब्लॉकों को कवर करता है।

v. बैंकिंग सेवा वितरण प्रणाली में अंतिम छोर तक संपर्क का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 16 लाख बैंकिंग संवाददाताओं (बीसी) का एक सुदृढ़ नेटवर्क भी इन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत पात्र लोगों का नामांकन कर रहा है।

vi. प्रत्येक सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत सभी बैंकों को लक्ष्यों का आबंटन और बैंकों के कार्य-निष्पादन की आवधिक समीक्षा नियमित अंतरालों पर की जाती है और यदि आवश्यक हो तो सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं।

vii. पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के लिए निर्बाध नामांकन और दावा प्रेषण के माध्यम से एंड-टू-एंड डिजिटलकृत यात्राओं के माध्यम से वहनीय सामाजिक सुरक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने और लाभार्थियों को सशक्त बनाने के लिए एक जनसुरक्षा पोर्टल आरंभ किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों और 28 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और 11 बीमा कंपनियों को पोर्टल पर शामिल किया गया है। इसके अलावा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, जनसुरक्षा पोर्टल (www.jansuraksha.gov.in) पर इन योजनाओं से संबंधित सभी सुसंगत सामग्री/सूचनाएं उपलब्ध हैं, जिनमें फॉर्म, नियम, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) आदि शामिल हैं, जो अंग्रेजी, हिंदी और गुजराती सहित क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध हैं।

*****

**देश में योजना के आरंभ से पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत नामांकित लाभार्थियों की वर्ष-वार कुल संख्या के संबंध में दिनांक 1.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न सं.*6 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I**

| योजना के आरंभ से पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत नामांकित लाभार्थियों की कुल संख्या | |
|---|---|
| **निम्नलिखित तारीख की स्थिति के अनुसार** | **संचयी नामांकन** |
| 31.05.2017 | 3,12,66,032 |
| 31.05.2018 | 5,36,01,384 |
| 31.05.2019 | 6,05,48,934 |
| 31.05.2020 | 7,15,17,482 |
| 31.05.2021 | 10,34,78,174 |
| 31.05.2022 | 12,89,49,003 |
| 31.05.2023 | 16,31,01,675 |
| 31.05.2024 | 20,16,80,800 |
| 31.05.2025 | 23,76,73,111 |
| 29.10.2025 | 25,45,85,997 |

*स्रोत : बैंक एवं बीमा कंपनियां*

**गुजरात राज्य में उक्त योजना के अंतर्गत नामांकित लाभार्थियों की वर्ष-वार और जिला-वार कुल संख्या के संबंध में दिनांक 1.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न सं.*6 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-II**

| गुजरात राज्य में पीएमजेजेबीवाई के जिला-वार संचयी नामांकन | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं | जिले का नाम | दिनांक 31.05.2017 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.05.2018 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.05.2019 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.05.2020 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.05.2021 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.05.2022 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.05.2023 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.05.2024 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 31.05.2025 की स्थिति के अनुसार | दिनांक 29.10.2025 की स्थिति के अनुसार |
| 1 | अहमदाबाद | 3,71,455 | 4,03,976 | 4,54,006 | 5,14,141 | 5,40,115 | 6,32,671 | 7,51,249 | 9,20,811 | 10,50,753 | 11,16,113 |
| 2 | अमरेली | 30,239 | 33,752 | 39,114 | 49,223 | 59,151 | 79,795 | 1,05,497 | 1,40,623 | 1,71,417 | 1,87,689 |
| 3 | आनंद | 79,233 | 85,992 | 1,05,137 | 1,25,374 | 1,55,870 | 1,95,492 | 2,43,474 | 3,01,120 | 3,49,172 | 3,76,661 |
| 4 | बनास कांथा | 57,885 | 66,511 | 83,677 | 1,15,226 | 1,41,564 | 1,90,784 | 2,52,151 | 3,31,971 | 4,03,466 | 4,38,138 |
| 5 | भरूच | 53,429 | 58,028 | 71,188 | 86,401 | 1,05,654 | 1,28,285 | 1,59,513 | 1,98,020 | 2,36,420 | 2,56,640 |
| 6 | भावनगर | 53,483 | 60,081 | 72,170 | 92,528 | 1,10,800 | 1,55,470 | 2,18,784 | 2,93,140 | 3,55,930 | 3,81,865 |
| 7 | डांग | 4,244 | 4,529 | 6,303 | 9,055 | 9,313 | 14,560 | 19,005 | 28,406 | 36,214 | 41,200 |
| 8 | दोहद | 17,893 | 20,541 | 37,192 | 50,108 | 79,844 | 1,21,151 | 1,69,670 | 2,36,536 | 2,93,138 | 3,15,414 |
| 9 | गांधीनगर | 67,959 | 73,554 | 86,830 | 1,05,476 | 1,12,780 | 1,37,174 | 1,71,064 | 2,11,914 | 2,48,822 | 2,70,017 |
| 10 | जामनगर | 47,674 | 52,962 | 64,183 | 76,327 | 89,232 | 1,11,497 | 1,42,259 | 1,84,690 | 2,20,841 | 2,39,731 |
| 11 | जूनागढ़ | 38,606 | 39,429 | 48,503 | 60,341 | 69,751 | 96,443 | 1,27,769 | 1,74,980 | 2,11,915 | 2,31,652 |
| 12 | कच्छ | 66,055 | 75,239 | 88,813 | 1,10,116 | 1,03,157 | 1,40,943 | 1,83,921 | 2,85,642 | 3,35,452 | 3,61,004 |
| 13 | खेड़ा | 59,105 | 65,124 | 82,418 | 1,02,612 | 1,30,229 | 1,70,872 | 2,24,505 | 2,92,355 | 3,46,029 | 3,70,731 |
| 14 | मेहसाणा | 1,08,560 | 1,19,834 | 1,39,430 | 1,73,793 | 1,80,074 | 2,22,911 | 2,72,742 | 3,42,470 | 3,97,110 | 4,24,439 |
| 15 | नर्मदा | 11,835 | 13,344 | 19,464 | 25,080 | 31,886 | 43,325 | 57,168 | 75,523 | 92,462 | 99,779 |
| 16 | नवसारी | 47,440 | 53,440 | 67,807 | 81,987 | 97,997 | 1,25,757 | 1,56,192 | 1,87,818 | 2,12,849 | 2,28,016 |
| 17 | पंच महल | 35,840 | 39,523 | 53,161 | 67,365 | 94,696 | 1,50,522 | 2,08,881 | 2,89,941 | 3,50,023 | 3,77,505 |
| 18 | पाटन | 39,574 | 44,085 | 55,246 | 71,013 | 77,525 | 98,533 | 1,25,752 | 1,61,762 | 1,92,834 | 2,08,717 |
| 19 | पोरबंदर | 11,457 | 13,860 | 16,413 | 19,866 | 24,615 | 32,972 | 45,155 | 62,966 | 76,351 | 84,917 |
| 20 | राजकोट | 1,41,973 | 1,51,025 | 1,70,328 | 1,97,870 | 2,04,261 | 2,52,910 | 3,14,366 | 3,92,874 | 4,61,035 | 4,95,792 |
| 21 | सबर कांथा | 77,806 | 80,368 | 92,969 | 1,10,707 | 1,06,462 | 1,34,904 | 1,61,298 | 2,03,420 | 2,38,665 | 2,57,367 |
| 22 | सूरत | 2,17,851 | 2,39,284 | 2,81,469 | 3,33,021 | 3,83,148 | 4,81,879 | 6,18,990 | 7,52,135 | 8,71,011 | 9,27,116 |
| 23 | सुरेंद्रनगर | 27,840 | 32,885 | 41,020 | 56,152 | 70,618 | 1,00,348 | 1,48,533 | 2,14,595 | 2,65,087 | 2,93,368 |
| 24 | वडोदरा | 1,97,878 | 2,10,711 | 2,54,760 | 2,89,577 | 3,08,548 | 3,63,074 | 4,37,473 | 5,33,110 | 6,27,604 | 6,73,776 |
| 25 | वलसाड | 47,792 | 52,415 | 68,010 | 81,493 | 1,01,567 | 1,33,536 | 1,72,996 | 2,26,755 | 2,69,802 | 2,92,945 |
| 26 | तापी | 7,375 | 7,475 | 9,872 | 12,812 | 22,938 | 37,240 | 54,569 | 76,727 | 97,238 | 1,07,495 |
| 27 | छोटा उदयपुर | 2,297 | 7,194 | 8,706 | 15,085 | 44,723 | 65,982 | 90,007 | 1,17,201 | 1,43,871 | 1,56,645 |
| 28 | महिसागर | 3,343 | 5,853 | 6,340 | 7,657 | 32,104 | 41,881 | 55,546 | 74,084 | 90,213 | 1,01,505 |
| 29 | अरवल्ली | 13,748 | 19,278 | 22,300 | 30,940 | 41,712 | 59,283 | 75,781 | 1,07,119 | 1,29,271 | 1,42,125 |
| 30 | मोरबी | 6,478 | 11,158 | 13,307 | 19,541 | 36,085 | 52,196 | 76,411 | 1,05,886 | 1,28,670 | 1,41,346 |
| 31 | देवभूमि द्वारका | 5,177 | 6,343 | 8,734 | 12,029 | 22,483 | 36,444 | 47,743 | 68,952 | 86,628 | 94,889 |
| 32 | गिर सोमनाथ | 4,811 | 12,037 | 14,447 | 21,925 | 38,499 | 62,774 | 91,659 | 1,21,903 | 1,47,661 | 1,60,586 |
| 33 | बोटड | 5,340 | 7,586 | 9,318 | 13,042 | 14,196 | 24,746 | 36,155 | 50,593 | 62,030 | 67,488 |
| | अन्य* | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2,07,508 | 2,07,508 | 2,07,508 |
| **गुजरात राज्य कुल** | | 19,61,675 | 21,67,416 | 25,92,635 | 31,37,883 | 36,41,597 | 46,96,354 | 60,16,278 | 79,73,550 | 94,07,492 | 1,01,30,179 |
| *स्रोत : बैंक और बीमा कंपनियां* | | | | | | | | | | | |
| *अन्य में * ऐसे नामांकन शामिल हैं जिनके लिए जिला-वार संवितरण उपलब्ध नहीं है।* | | | | | | | | | | | |

***गुजरात सहित देश भर में पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत प्राप्त और निपटाए गए दावों की कुल संख्या के साथ इन दावों के अंतर्गत संवितरित वर्ष-वार और राज्य-वार कुल राशि के संबंध में दिनांक 1.12.2025* को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न सं.*6 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-III**

**वर्ष 2017-2019 के लिए**

| क्र म सं. | राज्य का नाम | दिनांक 31.05.2017 की स्थिति के अनुसार | | | दिनांक 31.05.2018 की स्थिति के अनुसार | | | दिनांक 31.05.2019 की स्थिति के अनुसार | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राप्त दावों की सेख्या | भुगतान किए गए दावों की संख्या | भुगतान की गई राशि करोड़ रुपए में | प्राप्त दावों की सेख्या | भुगतान किए गए दावों की संख्या | भुगतान की गई राशि करोड़ रुपए में | प्राप्त दावों की सेख्या | भुगतान किए गए दावों की संख्या | भुगतान की गई राशि करोड़ रुपए में |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 21 | 21 | 0.42 | 27 | 27 | 0.54 | 39 | 39 | 0.78 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 5452 | 5041 | 100.82 | 8545 | 7579 | 151.58 | 12120 | 10968 | 219.36 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 58 | 53 | 1.06 | 81 | 78 | 1.56 | 119 | 116 | 2.32 |
| 4 | असम | 1523 | 1386 | 27.72 | 2448 | 2248 | 44.96 | 3666 | 3369 | 67.38 |
| 5 | बिहार | 1427 | 1326 | 26.52 | 2244 | 2033 | 40.66 | 3218 | 2943 | 58.86 |
| 6 | चंडीगढ़ | 89 | 82 | 1.64 | 145 | 133 | 2.66 | 204 | 186 | 3.72 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 2734 | 2552 | 51.04 | 3864 | 3544 | 70.88 | 6107 | 5681 | 113.62 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 33 | 28 | 0.56 | 55 | 50 | 1 | 93 | 85 | 1.7 |
| 9 | गोवा | 148 | 137 | 2.74 | 238 | 230 | 4.60 | 325 | 313 | 6.26 |
| 10 | **गुजरात** | **5255** | **4942** | **98.84** | **8377** | **7383** | **147.66** | **12348** | **11444** | **228.88** |
| 11 | हरियाणा | 1917 | 1762 | 35.24 | 3257 | 2895 | 57.90 | 4881 | 4372 | 87.44 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 455 | 415 | 8.30 | 715 | 657 | 13.14 | 1082 | 949 | 18.98 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 77 | 72 | 1.44 | 116 | 112 | 2.24 | 168 | 151 | 3.02 |
| 14 | झारखंड | 700 | 665 | 13.30 | 1116 | 1061 | 21.22 | 1744 | 1635 | 32.70 |
| 15 | कर्नाटक | 6107 | 5824 | 116.48 | 8825 | 8451 | 169.02 | 13065 | 12439 | 248.78 |
| 16 | केरल | 701 | 671 | 13.42 | 1000 | 970 | 19.40 | 1561 | 1477 | 29.54 |
| 17 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 5193 | 4900 | 98.00 | 7851 | 7254 | 145.08 | 10678 | 9877 | 197.54 |
| 19 | महाराष्ट्र | 5868 | 5462 | 109.24 | 9188 | 8528 | 170.56 | 12697 | 11740 | 234.80 |
| 20 | मणिपुर | 63 | 60 | 1.20 | 101 | 100 | 2.00 | 157 | 147 | 2.94 |
| 21 | मेघालय | 46 | 44 | 0.88 | 74 | 66 | 1.32 | 144 | 137 | 2.74 |
| 22 | मिजोरम | 224 | 217 | 4.34 | 253 | 245 | 4.90 | 494 | 473 | 9.46 |
| 23 | नागालैंड | 46 | 41 | 0.82 | 55 | 53 | 1.06 | 85 | 83 | 1.66 |
| 24 | दिल्ली | 1090 | 1038 | 20.76 | 1780 | 1654 | 33.08 | 2523 | 2371 | 47.42 |
| 25 | ओडीशा | 2035 | 1919 | 38.38 | 3103 | 2837 | 56.74 | 4669 | 4293 | 85.86 |
| 26 | पुदुचेरी | 92 | 92 | 1.84 | 161 | 149 | 2.98 | 214 | 203 | 4.06 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | पंजाब | 1157 | 1061 | 21.22 | 1814 | 1697 | 33.94 | 2434 | 2239 | 44.78 |
| 28 | राजस्थान | 3939 | 3641 | 72.82 | 6093 | 5052 | 101.04 | 9379 | 8411 | 168.22 |
| 29 | सिक्किम | 32 | 31 | 0.62 | 48 | 47 | 0.94 | 70 | 65 | 1.30 |
| 30 | तमिलनाडु | 3064 | 2965 | 59.30 | 5086 | 4848 | 96.96 | 7606 | 7138 | 142.76 |
| 31 | तेलंगाना | 6200 | 5770 | 115.40 | 8680 | 7867 | 157.34 | 13333 | 12281 | 245.62 |
| 32 | त्रिपुरा | 120 | 113 | 2.26 | 185 | 172 | 3.44 | 235 | 222 | 4.44 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 7940 | 7413 | 148.26 | 13676 | 12091 | 241.82 | 20137 | 18030 | 360.60 |
| 34 | उत्तराखंड | 818 | 755 | 15.10 | 1174 | 1059 | 21.18 | 1723 | 1595 | 31.90 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 2068 | 1976 | 39.52 | 3270 | 3092 | 61.84 | 4783 | 4445 | 88.90 |
| 36 | लद्दाख | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 |
| 37 | अन्य* | 17 | 4 | 0.08 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 |
| **कुल** | | **66709** | **62479** | **1249.58** | **103645** | **94262** | **1885.24** | **152101** | **139917** | **2798.34** |

## वर्ष 2020-2022 के लिए

| क्रम सं. | राज्य का नाम | दिनांक 31.05.2020 की स्थिति के अनुसार | | | दिनांक 31.05.2021 की शि्थति के अनुसार | | | दिनांक 31.05.2022 की स्थिति के अनुसार | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राप्त दावों की सेख्या | भुगतान किए गए दावों की संख्या | भुगतान की गई राशि करोड़ रुपए में | प्राप्त दावों की सेख्या | भुगतान किए गए दावों की संख्या | भुगतान की गई राशि करोड़ रुपए में | प्राप्त दावों की सेख्या | भुगतान किए गए दावों की संख्या | भुगतान की गई राशि करोड़ रुपए में |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 51 | 49 | 0.98 | 62 | 60 | 1.2 | 97 | 93 | 1.86 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 14699 | 13670 | 273.4 | 20159 | 18367 | 367.34 | 39944 | 35290 | 705.80 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 153 | 149 | 2.98 | 189 | 185 | 3.7 | 279 | 271 | 5.42 |
| 4 | असम | 4494 | 4168 | 83.36 | 5603 | 5243 | 104.86 | 8754 | 7858 | 157.16 |
| 5 | बिहार | 4272 | 3948 | 78.96 | 5830 | 5464 | 109.28 | 12515 | 11748 | 234.96 |
| 6 | चंडीगढ़ | 246 | 234 | 4.68 | 313 | 299 | 5.98 | 467 | 437 | 8.74 |
| 7 | छत्तीसगढ | 7727 | 7266 | 145.32 | 10432 | 9898 | 197.96 | 17940 | 16600 | 332.00 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 119 | 108 | 2.16 | 152 | 139 | 2.78 | 268 | 252 | 5.04 |
| 9 | गोवा | 402 | 387 | 7.74 | 503 | 481 | 9.62 | 744 | 703 | 14.06 |
| 10 | गुजरात | **16327** | **15262** | **305.24** | **22424** | **21130** | **422.6** | **38347** | **36091** | **721.82** |
| 11 | हरियाणा | 6401 | 5896 | 117.92 | 8402 | 7791 | 155.82 | 12143 | 10937 | 218.74 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 1377 | 1263 | 25.26 | 1816 | 1691 | 33.82 | 2920 | 2655 | 53.10 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 201 | 192 | 3.84 | 262 | 251 | 5.02 | 1340 | 1325 | 26.50 |
| 14 | झारखंड | 2388 | 2249 | 44.98 | 3260 | 3085 | 61.7 | 5453 | 5053 | 101.06 |
| 15 | कर्नाटक | 16048 | 15361 | 307.22 | 21101 | 20266 | 405.32 | 36500 | 34864 | 697.28 |
| 16 | केरल | 1878 | 1840 | 36.8 | 2168 | 2119 | 42.38 | 3180 | 3077 | 61.54 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0.02 | 2 | 2 | 0.04 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 13725 | 12670 | 253.4 | 18200 | 16904 | 338.08 | 30298 | 27846 | 556.92 |
| 19 | महाराष्ट्र | 16081 | 15018 | 300.36 | 22161 | 20744 | 414.88 | 35461 | 32912 | 658.24 |
| 20 | मणिपुर | 209 | 197 | 3.94 | 252 | 240 | 4.8 | 456 | 432 | 8.64 |
| 21 | मेघालय | 192 | 182 | 3.64 | 282 | 275 | 5.5 | 425 | 394 | 7.88 |
| 22 | मिजोरम | 586 | 579 | 11.58 | 841 | 834 | 16.68 | 1056 | 1016 | 20.32 |
| 23 | नागालैंड | 101 | 99 | 1.98 | 133 | 130 | 2.6 | 202 | 183 | 3.66 |
| 24 | दिल्ली | 3130 | 2998 | 59.96 | 3975 | 3809 | 76.18 | 6206 | 5847 | 116.94 |
| 25 | ओडिशा | 6060 | 5630 | 112.6 | 8554 | 7982 | 159.64 | 13341 | 12014 | 240.28 |
| 26 | पुदुचेरी | 265 | 250 | 5 | 324 | 307 | 6.14 | 520 | 485 | 9.70 |
| 27 | पंजाब | 3031 | 2865 | 57.3 | 3904 | 3705 | 74.1 | 6103 | 5640 | 112.80 |
| 28 | राजस्थान | 13229 | 12050 | 241 | 18623 | 17285 | 345.7 | 29855 | 27393 | 547.86 |
| 29 | सिक्किम | 87 | 85 | 1.7 | 106 | 103 | 2.06 | 145 | 135 | 2.70 |
| 30 | तमिलनाडु | 10058 | 9520 | 190.4 | 12997 | 12135 | 242.7 | 19249 | 16979 | 339.58 |
| 31 | तेलंगाना | 16315 | 15530 | 310.6 | 22117 | 21162 | 423.24 | 32282 | 29952 | 599.04 |
| 32 | त्रिपुरा | 285 | 272 | 5.44 | 344 | 328 | 6.56 | 790 | 762 | 15.24 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 26379 | 24299 | 485.98 | 34955 | 32323 | 646.46 | 55081 | 50004 | 1000.08 |
| 34 | उत्तराखंड | 2176 | 2038 | 40.76 | 2704 | 2554 | 51.08 | 4191 | 3855 | 77.10 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 6339 | 5943 | 118.86 | 8674 | 8158 | 163.16 | 13398 | 12309 | 246.18 |
| 36 | लद्दाख | 4 | 4 | 0.08 | 4 | 4 | 0.08 | 14 | 14 | 0.28 |
| 37 | अन्य* | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 184713 | 190216 | 3804.32 |
| **कुल** | | **195035** | **182271** | **3645.42** | **261827** | **245452** | **4909.04** | **614679** | **585644** | **11712.88** |

# वर्ष 2023-2025 के लिए

| क्रम सं. | राज्य का नाम | दिनांक 31.05.2023 की स्थिति के अनुसार | | | दिनांक 31.05.2024 की स्थिति के अनुसार | | | दिनांक 31.05.2025 की स्थिति के अनुसार | | | दिनांक 29.10.2025 की स्थिति के अनुसार | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राप्त दावों की सेख्या | भुगतान किए गए दावों की संख्या | भुगतान की गई राशि करोड़ रुपए में | प्राप्त दावों की सेख्या | भुगतान किए गए दावों की संख्या | भुगतान की गई राशि करोड़ रुपए में | प्राप्त दावों की सेख्या | भुगतान किए गए दावों की संख्या | भुगतान की गई राशि करोड़ रुपए में | प्राप्त दावों की सेख्या | भुगतान किए गए दावों की संख्या | भुगतान की गई राशि करोड़ रुपए में |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 112 | 107 | 2.14 | 132 | 127 | 2.54 | 200 | 195 | 3.90 | 214 | 209 | 4.18 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 221004 | 212057 | 4241.14 | 228670 | 219628 | 4392.56 | 240882 | 231165 | 4623.30 | 245465 | 235416 | 4708.32 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 348 | 338 | 6.76 | 449 | 436 | 8.72 | 975 | 948 | 18.96 | 1030 | 1002 | 20.04 |
| 4 | असम | 10176 | 9249 | 184.98 | 11751 | 10747 | 214.94 | 14341 | 12857 | 257.14 | 15182 | 13643 | 272.86 |
| 5 | बिहार | 19762 | 18766 | 375.32 | 22942 | 21683 | 433.66 | 29412 | 26909 | 538.18 | 31152 | 28550 | 571.00 |
| 6 | चंडीगढ़ | 534 | 504 | 10.08 | 592 | 565 | 11.30 | 722 | 646 | 12.92 | 742 | 663 | 13.26 |
| 7 | छत्तीसगढ | 22731 | 21371 | 427.42 | 26186 | 24772 | 495.44 | 33704 | 31143 | 622.86 | 36190 | 33440 | 668.80 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 304 | 288 | 5.76 | 311 | 296 | 5.92 | 456 | 436 | 8.72 | 458 | 438 | 8.76 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | गोवा | 821 | 784 | 15.68 | 883 | 842 | 16.84 | 1226 | 1168 | 23.36 | 1259 | 1199 | 23.98 |
| 10 | गुजरात | **43438** | **41445** | **828.90** | **45879** | **43730** | **874.60** | **60347** | **55902** | **1118.04** | **62001** | **57403** | **1148.06** |
| 11 | हरियाणा | 15070 | 13530 | 270.60 | 16321 | 14864 | 297.28 | 20264 | 17054 | 341.08 | 20869 | 17554 | 351.08 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 3619 | 3279 | 65.58 | 4023 | 3633 | 72.66 | 4930 | 4094 | 81.88 | 5067 | 4216 | 84.32 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 2082 | 2018 | 40.36 | 2138 | 2091 | 41.82 | 2427 | 2340 | 46.80 | 2461 | 2374 | 47.48 |
| 14 | झारखंड | 8164 | 7687 | 153.74 | 10622 | 10121 | 202.42 | 14865 | 14071 | 281.42 | 16948 | 16060 | 321.20 |
| 15 | कर्नाटक | 46512 | 44700 | 894.00 | 51152 | 49256 | 985.12 | 62820 | 59753 | 1195.06 | 64834 | 61093 | 1221.86 |
| 16 | केरल | 4223 | 4096 | 81.92 | 4513 | 4371 | 87.42 | 5346 | 5115 | 102.30 | 5528 | 5271 | 105.42 |
| 17 | लक्षद्वीप | 2 | 2 | 0.04 | 2 | 2 | 0.04 | 131 | 123 | 2.46 | 131 | 123 | 2.46 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 35615 | 32980 | 659.60 | 40442 | 37701 | 754.02 | 53120 | 48449 | 968.98 | 55917 | 51127 | 1022.54 |
| 19 | महाराष्ट्र | 43247 | 40527 | 810.54 | 45819 | 43045 | 860.90 | 52463 | 48314 | 966.28 | 54213 | 49966 | 999.32 |
| 20 | मणिपुर | 518 | 485 | 9.70 | 550 | 518 | 10.36 | 657 | 595 | 11.90 | 690 | 624 | 12.48 |
| 21 | मेघालय | 554 | 519 | 10.38 | 694 | 661 | 13.22 | 895 | 857 | 17.14 | 1007 | 965 | 19.30 |
| 22 | मिजोरम | 1466 | 1418 | 28.36 | 1817 | 1775 | 35.50 | 2426 | 2384 | 47.68 | 2762 | 2719 | 54.38 |
| 23 | नागालैंड | 273 | 256 | 5.12 | 347 | 329 | 6.58 | 477 | 449 | 8.98 | 522 | 493 | 9.86 |
| 24 | दिल्ली | 7035 | 6640 | 132.80 | 7537 | 7140 | 142.80 | 8856 | 8086 | 161.72 | 9095 | 8289 | 165.78 |
| 25 | ओडिशा | 20291 | 18987 | 379.74 | 23655 | 22182 | 443.64 | 30102 | 27915 | 558.30 | 32062 | 29777 | 595.54 |
| 26 | पुडुचेरी | 582 | 558 | 11.16 | 650 | 614 | 12.28 | 737 | 683 | 13.66 | 754 | 693 | 13.86 |
| 27 | पंजाब | 7512 | 6990 | 139.80 | 8290 | 7702 | 154.04 | 10183 | 9028 | 180.56 | 10610 | 9423 | 188.46 |
| 28 | राजस्थान | 34978 | 32535 | 650.70 | 38162 | 35670 | 713.40 | 54637 | 48797 | 975.94 | 57051 | 51160 | 1023.20 |
| 29 | सिक्किम | 172 | 162 | 3.24 | 201 | 192 | 3.84 | 288 | 261 | 5.22 | 307 | 279 | 5.58 |
| 30 | तमिलनाडु | 22670 | 20864 | 417.28 | 25308 | 23219 | 464.38 | 29926 | 26564 | 531.28 | 31158 | 27270 | 545.40 |
| 31 | तेलंगाना | 38035 | 35716 | 714.32 | 40449 | 38082 | 761.64 | 45800 | 43036 | 860.72 | 47605 | 44726 | 894.52 |
| 32 | त्रिपुरा | 845 | 811 | 16.22 | 884 | 851 | 17.02 | 982 | 900 | 18.00 | 1002 | 920 | 18.40 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 66608 | 60332 | 1206.64 | 74726 | 68415 | 1368.30 | 104960 | 92920 | 1858.40 | 109826 | 97172 | 1943.44 |
| 34 | उत्तराखंड | 4927 | 4522 | 90.44 | 5509 | 5099 | 101.98 | 6989 | 6200 | 124.00 | 7376 | 6574 | 131.48 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 17458 | 16181 | 323.62 | 21259 | 19836 | 396.72 | 28996 | 26202 | 524.04 | 31477 | 28544 | 570.88 |
| 36 | लद्दाख | 14 | 14 | 0.28 | 14 | 14 | 0.28 | 15 | 14 | 0.28 | 15 | 14 | 0.28 |
| 37 | अन्य* | 771 | 11660 | 233.20 | 67220.00 | 77497 | 1549.94 | 42648 | 80040 | 1600.80 | 61991 | 102396 | 2047.92 |
| **कुल** | | **702473** | **672378** | **13447.56** | **830099** | **797706** | **15954.12** | **968205** | **935613** | **18712.26** | **1024971** | **991785** | **19835.70** |

स्रोत: बैंक और बीमा कंपनियां;

* ऐसे दावे जिनके लिए राज्य-वार संवितरण उपलब्ध नहीं है

नोट: 31.05.2022 और उसके बाद के दावों के आंकड़ों के राज्यवार वितरण में अभिसरण योजनाओं के तहत दावे भी शामिल हैं।